कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट–सोनभद्र ।

पत्रांकः 379 / रेनुकूट / 15–31 दिनांक,रेनुकूट,जुलाई, 30, 2021

सेवा में,

श्री विवेक कुमार
हेड लीगल,
मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0 रेनुकूट–सोनभद्र।

विषय: जनपद–सोनभद्र के रेनुकूट वन प्रभाग अन्तर्गत मे0 रेणुसागर पावर कम्पनी को ऐश डिस्पोजल यार्ड के निर्माण हेतु 10 वर्षो की लीज (21.06.2009 से 20.06.2019 तक के लिये) दी गयी 61.2348 हे0 वनभूमि के लीज का पुनः 10 वर्षो हेतु (दिनांक– 21.06.2019 से 20.06.2029 तक) नवीनीकरण के संबंध में ।

संदर्भः 1– भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, एफ0सी0 डिविजन, इन्दिरा पर्यावरण भवन, जोरग बाग रोड अलीगंज नई दिल्ली की फाईल संख्या– 8–05 / 1993–एफ0सी0(पी0टी0.1) दिनांक– 15.07.2021

2–मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ का पत्र संख्या– 200 / 11–सी FP/UP/IND/39403/2019 दिनांक–16.07.2021

3–इस कार्यालय का पत्रांक– 183 / रेनुकूट / 15–31 दिनांक– 17.07.2021

4–आपका पत्र दिनांक– 28.07.2021

महोदय,

विषयक प्रकरण में संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें । प्रश्नगत प्रकरण में भारत सरकार द्वारा मॉगी गयी वांछित सूचना / अभिलेख टेबुलर फार्म के माध्यम से पॉच प्रतियों मे उपलब्ध कराया गया है । उपलब्ध कराये गये आख्या का परीक्षण करने के उपरान्त निम्नलिखित अभिलेखो का अभाव पया गया है :–

1– बिन्दु संख्या–2 के उत्तर में आपके द्वारा यह उल्लिखित किया गया है कि, इस बिन्दु का उत्तर वन विभाग द्वारा दिया जाना है । यहॉ यह उल्लेख करना है कि प्रश्नगत परियोजना में प्रभावित वन भूमि के समतुल्य गैर वन भूमि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा कैमूर वन्य जीव प्रभाग एवं रेनुकूट वन प्रभाग में उपलब्ध कराया गया है । कैमूर वन्य जीव प्रभाग में प्राप्त कराये गये गैर वन भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत आरक्षित / रक्षित वन बनाये जाने के संबंध में अद्यतन सूचना / अभिलेख कैमूर वन्य जीव प्रभाग से प्राप्त करते हुए अभिलेखो की पॉच प्रतियॉ उपलब्ध कराया जाय ।

2– बिन्दु संख्या–5 के उत्तर की पुष्टि में आवश्यक अभिलेखो की पॉच प्रतियॉ उपलब्ध कराया जाय ।

अतः उक्त दोनो बिन्दुओ से संबंधित सूचना संकलित करते हुए संशोधित बिन्दुवार अनुपालन आख्या उपलबध कराने का कष्ट करें ताकि उच्च स्तर के माध्यम से भारत सरकार की सेवा में प्रेषित की जा सकें ।

भवदीय

(मनमोहन मिश्र)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट